पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

केन्द्रीय गृह मंत्री से राज्यपाल की भेंट

लखनऊः 22 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह ने भेंट की। मुलाकात के दौरान प्रदेश से जुडे कई मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। राज्यपाल ने इस अवसर पर अपनी ओर से केन्द्र सरकार को भेजी जाने वाली मासिक रिपोर्ट पर भी चर्चा की। उल्लेखनीय है कि हर माह राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री को प्रदेश से संबंधित रिपोर्ट भेजी जाती है